卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 155 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦13 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# एलपीजी किल्लत और कालाबाजारी पर सदन में हंगामा

## विपक्ष का वॉकआउट, विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार को दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश, धरने पर बैठे कांग्रेसी विधायक






भराड़ीसैंण (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र का पांचवा दिन आज भी हंगामेदार रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों की मौजूदगी में सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया। विशेष रूप से प्रदेश में रसोई गैस (एलपीजी) की भारी किल्लत और कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस विधायकों ने सदन के बाहर विधानसभा की सीढ़ियों पर बैठकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। सत्र के चौथे दिन बृहस्पतिवार को भी एलपीजी आपूर्ति के मुद्दे पर सदन में जबरदस्त टकराव देखने को मिला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने पीठ से सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए कि एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए तत्काल सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने सरकार को दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और वरिष्ठ कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने नियम 310 के अंतर्गत प्रदेश में गैस सिलेंडरों की किल्लत का मुद्दा उठाया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष ने इसे नियम 58 में सुनने का निर्णय लिया। जब संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने जवाब देना शुरू किया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि एलपीजी आपूर्ति मुख्य रूप से केंद्र सरकार का विषय है। उन्होंने दलील दी कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण केंद्र ने व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं, लेकिन घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अवैध खनन का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। सरकार द्वारा दिए गए जवाबों से संतुष्ट न होने पर विपक्ष ने तीखी नाराजगी जताई और सदन से वॉकआउट कर दिया। विपक्ष का आरोप है कि प्रदेशभर में गैस के लिए लंबी लाइनें लगी हैं और सरकार चर्चा से भाग रही है। विपक्ष ने सवाल उठाया कि जब पीठ ने नियम 310 पर विनिश्चय दिया था, तो सरकार विस्तृत चर्चा क्यों नहीं कर रही है। होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट संचालकों को सिलेंडर न मिलने से उनका कामकाज ठप होने की कगार पर है। इस मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हुई तीखी नोकझोंक के कारण सदन की कार्यवाही को 45 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने सदन को जानकारी दी कि सरकार इस मामले में संवेदनशील है। सभी जिलाधिकारियों को कालाबाजारी पर नकेल कसने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में नैनीताल (शेष पृष्ठ सात पर)

# एसटीएफ का हथियारों के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार

## 24 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई, दो और शूटर गिरफ्तार, हथियार सप्लायर का नाम आया सामने



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध हथियारों के सौदागरों और सक्रिय गैंगस्टरों के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए महज 24 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी सफलता हासिल की है। रुद्रपुर पुलिस के साथ मिलकर की गई इस संयुक्त कार्रवाई में एसटीएफ ने दो और हार्डकोर अपराधियों को 3 लोडेड अवैध तमंचों और 10 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही एसटीएफ ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि पिछले 24 घंटों में हुई इन ताबड़तोड़ गिरफ्तारियों के बाद पूछताछ में अवैध हथियारों की सप्लाई चेन से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। जांच में मुख्य हथियार सप्लायर का नाम भी प्रकाश में आ गया है, जिसकी तलाश में एसटीएफ की टीमें जुट गई हैं। माना जा रहा है कि सप्लायर की गिरफ्तारी के बाद हथियारों की तस्करी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ होगा। एसएसपी अजय सिंह के अनुसार, पकड़े गए अपराधी किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। सटीक इनपुट मिलने पर एसटीएफ और रुद्रपुर पुलिस ने घेराबंदी कर जितेन्द्र वीरत चौधरी निवासी बिलासपुर, रामपुर और सुमित राठौर निवासी ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर को दबोच लिया। आरोपी जितेन्द्र वीरत चौधरी रामपुर के (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

एक जीएसटी अनुभवी एकाउन्टेंट की।
-सम्पर्क करें-
मोबाईल नम्बर
9548200711
8218640588

# वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद धींगड़ा के पिता का निधन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद धींगड़ा के पिता इंद्रसेन धींगड़ा का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मीडिया जगत के साथ ही तमाम राजनीतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विष्णुपुरी गली नंबर 10 रामपुर रोड हल्द्वानी निवासी 94 वर्षीय इंद्रसेन धींगड़ा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शुक्रवार प्रात: उन्होंने अंतिम सांस ली। इंद्रसेन धींगड़ा अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में विभिन्न सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में अपनी एक विशिष्ट और अलग पहचान बनाई थी। उनके मिलनसार स्वभाव और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी निष्ठा के कारण वे क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। उनके निधन की (शेष पृष्ठ सात पर)




# अपनी विधानसभा को लेकर एक्शन मोड पर धामी

## महीने में दो बार, जनता से होगा सीधा संवाद, जनता की हर समस्या का हाथों-हाथ होगा निस्तारण,सुरक्षा के रखे जाएंगे कड़े इंतजाम

**-नरेश जोशी-**



चंपावत। जानकारी मिली है कि चंपावत के विधायक व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अब अपनी विधानसभा क्षेत्र में जनता से सीधे संवाद की तैयारी कर रहे हैं, चंपावत से जुड़े सूत्रों का यहां तक कहना है कि अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हर महीने में दो बार मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय चंपावत व टनकपुर में जनता से सीधा संवाद करेंगे ।गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चंपावत के विधायक हैं चंपावत विधानसभा दूरदराज पर्वतीय क्षेत्र के साथ-साथ मैदानी क्षेत्र टनकपुर बनबसा तक आती है क्षेत्रफल अधिक होने के कारण हर व्यक्ति समय रहते सीएम धामी से मुलाकात नहीं कर पता है मुख्यमंत्री होने के कारण विधायक पुष्कर सिंह धामी का अधिकांश समय देहरादून व प्रदेश के भ्रमण पर बीत जाता है । यह बात अलग है कि अपनी विधानसभा के क्षेत्र की जनता का ध्यान रखने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय क्षेत्र चंपावत और मैदानी क्षेत्र टनकपुर में अलग-अलग कैंप कार्यालय बना रखे हैं । इन कैंप कार्यालयों में नोडल अधिकारी केदार बृजवाल की देखरेख में बकायदा जनता की समस्या को सीधे सुना और उसका निस्तारण भी किया जाता है बावजूद इसके समय-समय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं व उनकी धर्मपत्नी गीता धामी भी लगातार यहां की जनता के संपर्क में बनी रहती हैं। कैंप कार्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार बावजूद इसके कम पुष्कर सिंह धामी सीधे तौर पर जनता से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं यही बड़ा कारण है कि हर माह में दो बार कैंप कार्यालय चंपावत व दो बार कैंप कार्यालय टनकपुर में सीएम के जनता से सीधे संवाद की तैयारी चल रही है। बताया तो यहां तक जा रहा है कि शासन के अपर सचिव स्तर के बड़े अधिकारी को भी अब चंपावत विधान सभा में जनता (शेष पृष्ठ सात पर)



मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय चंपावत व कैंप कार्यालय टनकपुर में तैनात कर्मचारी पूरी ईमानदारी के साथ क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनते हैं व उनका निस्तारण भी करते हैं बावजूद इसके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यहां की जनता के प्रति बेहद लगाव है सीएम साहब चाहते हैं कि वह ज्यादा से ज्यादा जनता को अपना समय दे सके इसको लेकर विचार चल रहा है।

**-केदार बृजवाल,नोडल अधिकारी चंपावत**

# विधानसभा में उठाई जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग

गैरसैण। विधानसभा सत्र के दौरान रुद्रपुर के बीजेपी विधायक शिव अरोरा ने राज्य में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग सदन में रखने से राज्य में एक नए बहस ने जन्म ले लिया है। विधायक शिव अरोरा बीजेपी से है और उनके द्वारा ये मांग करने के पीछे क्या ये संकेत है कि धामी सरकार यूसीसी की तरह या मदरसा बोर्ड खत्म करने की तर्ज पर फिर से कोई नव्य प्रयोग उत्तराखंड की राजनीति में करने जा रही है? जानकर मानते है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून का विषय केंद्र सरकार का है और इस पर एनडीए सरकार के थिंक टैंक में मंथन भी चल रहा है। लेकिन उत्तराखंड की विधान सभा में बीजेपी विधायक शिव अरोरा ने ये विषय जब उठाया तो राजनीतिक सामाजिक गलियारों में ये चर्चा शुरू हुई है कि देवभूमि उत्तराखंड में जनसंख्या विषय भी केंद्रीय राजनीति में अब आने लगा है। विधायक शिव अरोरा ने विधान सभा में अपनी बात रखने के दौरान सदन का ध्यान राज्य में बढ़ती हुई वर्ग विशेष ( मुस्लिम) आबादी की ओर दिलाया कि 2011 में उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी 14 प्रतिशत थी जोकि अब बढ़ कर 18 फीसदी तक पहुंच गई है। विधायक अरोरा ने यूपी से लगे तराई के जिलों के साथ साथ पहाड़ के कुछ ऐसे क्षेत्रों का भी जिक्र किया जहां मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है । श्री अरोरा ने विशेष समुदाय के ष्हम पांच हमारे पच्चीसष के अभियान को देवभूमि उत्तराखंड के लिए खतरनाक बताया और कहा कि हमारे उत्तराखंड के बजट पर इसका सीधा असर पड़ रहा है लिहाजा यहां जनसंख्या नियंत्रण कानून लाया जाए और तीन से अधिक जिनके बच्चे हो उन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित किया जाए। उन्होंने कहा गैस, मकान, राशन जैसी सब्सिडी वाली सुविधाएं वर्ग विशेष को मिलने से उत्तराखंड राज्य सरकार का बजट बिगड़ रहा है। बीजेपी विधायक के सदन में स्पष्टता से बोले जाने के बाद उन्हें बाद में अन्य बीजेपी विधायकों का भी समर्थन मिला है। उल्लेखनीय है कि हिमाचल राज्य जब 1971 बना तो उस समय वहां मुस्लिम आबादी 2 प्रतिशत थी और आज भी लगभग उतनी ही है जबकि उत्तराखंड में बीते पच्चीस सालों में मुस्लिम आबादी ने लगभग तीन गुना की



वृद्धि कर ली है, इनमें यूपी से लगे हरिद्वार जिले में मुस्लिम आबादी 38 प्रतिशत,उधम सिंह नगर में 34 प्रतिशत,देहरादून जिले में 33 प्रतिशत और नैनीताल जिले में 32 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। हिमाचल में बाहरी लोगों के भूमि खरीदने पर पाबंदी है।जबकि उत्तराखंड में ऐसा नहीं है। डेमोग्राफी चेंज की ये समस्या उत्तराखंड में एक बड़ा सामाजिक,राजनीतिक मुद्दा बन चुकी है , तुष्टिकरण की राजनीति की वजह से कांग्रेस बढ़ती मुस्लिम आबादी को संरक्षण देती आई है। जबकि बीजेपी इसके विरोध में खड़ी हुई है। जनसांख्यिकी असंतुलन से धामी सरकार चिंतित है और इसी लिए सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरु किया गया है। सर्वे रिपोर्ट कहती है कि सरकारी भूमि पर ज्यादातर कब्जे मुस्लिम समुदाय के जोकि यूपी बिहार बंगाल आदि राज्यों से आकर बसते गए है। बीजेपी विधायक शिव अरोरा उधम सिंह नगर जिले से आते है उन्होंने अपने जिले की जमीनी हकीकत को सदन में रखा है जहां अवैध बसावट ने क्षेत्र की डेमोग्राफी को प्रभावित किया है। जसपुर,किच्छा, गदरपुर, खटीमा, रुद्रपुर,काशीपुर आदि विधानसभा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एक बड़ी समस्या का रूप ले चुके है। जनसंख्या नियंत्रण कानून पर विधायक शिव अरोरा कहते है कि हमने भारत के विभाजन का दर्द झेला है जिसतरह से यूपी से लगते उत्तराखंड में मुस्लिम आबादी बढ़ रही है वो चिंता का विषय है हमारी सरकारी सुविधाएं विशेष वर्ग समुदाय के लोग उठा रहे है जिससे हमारी सरकार के बजट पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ रहे है इसे आज नहीं रोका गया तो ये विषय देवभूमि उत्तराखंड के भविष्य के लिए घातक होगा।ये लोग धार्मिक एजेंडे पर अपनी आबादी बढ़ा रहे है।विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण कानून की बीजेपी विधायक की मांग पर कांग्रेस विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि बीजेपी हमेशा एक वर्ग विशेष को टारगेट करती है ,उन्होंने कहा बीजेपी विधायक कमजोर मानसिकता के है, देश में शायद ही कोई मुस्लिम होगा जिसके पच्चीस बच्चे होंगे।जनसंख्या नियंत्रण के विषय में शोध करने वाले मनु गौड़ कहते है कि उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत है। उत्तराखंड विधानसभा में ये मांग उठी है इस पर आगे बहस और चर्चा तेज होनी चाहिए। इस पर जनमत बनाया जाना चाहिए। उत्तराखंड विधानसभा में बीजेपी विधायक शिव अरोरा ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग अध्यक्ष के माध्यम से सरकार के समक्ष रखी है, ये उनका निजी विचार और मांग है, अभी इस पर और वैचारिक मंथन की जरूरत है, डेमोग्राफी चेंज उत्तराखंड की समस्या है हमारी सरकार इस पर सजग होकर इसपर काम भी कर रही है,हम उत्तराखंड से देव स्वरूप सांस्कृतिक वातावरण को बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है।

# मुठभेड़ में लूट और फायरिंग करने वाले तीन और अभियुक्त गिरफ्तार

## पुलिस टीम पर हमला करने वाले बदमाशों के पैरों में लगी गोली, लूटी गई मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद

सितारगंज (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सितारगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बाइक लूट की घटना को अंजाम देने और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान दो अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी है जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, पाटल और लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद की है।घटनाक्रम के अनुसार 10 मार्च 2026 को लामाखेड़ा निवासी अरुण सिंह ने सूचना दी कि औदली में दो बदमाशों ने उसकी गर्दन पर हथियार रखकर प्लैटिना मोटरसाइकिल लूट ली है। सूचना पर उपनिरीक्षक ललित चौधरी टीम के साथ ग्राम भरौनी में मुख्य आरोपी गुरमीत सिंह के घर पहुंचे। वहां आंगन में दो मोटरसाइकिलें खड़ी थीं और गुरमीत सिंह, उसका भाई मक्खन सिंह, पिता मोहन सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति मौजूद थे। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने गाली गलौच शुरू कर दी और घर के अंदर से तलवार व पाटल लेकर पुलिस पर हमला कर दिया। इस दौरान गुरमीत सिंह ने पुलिस टीम पर



जानलेवा फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की जिसमें गुरमीत सिंह और इंद्रजीत उर्फ दिलबाग के पैरों में गोली लगी और वे खेतों की ओर भाग निकले। मौके से पुलिस ने मोहन सिंह को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था जिसकी निशानदेही पर लूटी गई बाइक घर से बरामद हुई।फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर रूद्रपुर और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में टीमें गठित की गई थीं। गठित टीम ने दबिश देकर इंद्रजीत उर्फ दिलबाग उर्फ बग्गू निवासी भरौनी को पाटल के साथ, गुरमीत सिंह निवासी भरौनी को नगला रोड से और मक्खन सिंह निवासी भरौनी को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास है। गुरमीत सिंह पर पूर्व में डकैती, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसे 8 गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं अन्य अभियुक्तों पर भी पूर्व में मारपीट और पुलिस पर हमले के मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस टीम में निरीक्षक सुन्दरम शर्मा, उपनिरीक्षक प्रकाश चन्द्र भट्ट, जगत सिंह शाही, राकेश रौकली, सुरेन्द्र सिंह दानू, अमित जोशी, विनोद जोशी, सुनील चौहान, तरुण चौधरी, किरन मेहता, अशोक बोरा, जगदीश लोहनी और कपिल कुमार शामिल रहे। गिरफ्तार अभियुक्तों में से गुरमीत सिंह अस्पताल में उपचाराधीन है जबकि मक्खन सिंह और इंद्रजीत को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।






# गैंगवार की साजिश नाकाम

## तीन लोडेड हथियारों के साथ शातिर शूटर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड एसटीएफ और रुद्रपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगवार की एक खतरनाक साजिश को नाकाम कर दिया है। टीम ने एक शातिर शूटर को 03 अवैध लोडेड तमंचों और 11 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अपराधी आपसी रंजिश के चलते दूसरे गैंग के सदस्यों की हत्या करने की फिराक में था, लेकिन एसटीएफ की सक्रियता से एक बड़ी वारदात टल गई। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में सक्रिय गैंगस्टरों और अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत एसटीएफ की टीम को सटीक इनपुट मिला था। सूचना मिली थी कि शातिर अपराधी संदीप चौहान उर्फ सनिया, निवासी रामपुर (उत्तर प्रदेश), भारी मात्रा में हथियारों के साथ रुद्रपुर क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। इस पर एसटीएफ और रुद्रपुर पुलिस ने घेराबंदी कर संदीप चौहान को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके कुछ साथी मौके से भागने में सफल रहे। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी गैंग के सदस्यों को मारने की योजना बना रहा था और मौका मिलते ही उन पर फायरिंग करने वाला था। गिरफ्तार अभियुक्त संदीप चौहान (26 वर्ष) का लंबा आपराधिक इतिहास है। उस पर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में लूट, डकैती, हत्या के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट सहित करीब एक दर्जन संगीन मुकदमे दर्ज हैं। वह वर्तमान में जनपद रामपुर और ऊधमसिंह नगर से धारा 307 (हत्या का प्रयास) के मामलों में वांछित चल रहा था। एसटीएफ अब इस मामले में शामिल अन्य फरार अपराधियों की तलाश कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना के तार और



कहां-कहां जुड़े हैं। संयुक्त टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह, उपनिरीक्षक बृजभूषण गुरानी, प्रकाश भगत, हे.का. गोविन्द बिष्ट, जगपाल सिंह और रुद्रपुर पुलिस से निरीक्षक मनोज रतूड़ी, उपनिरीक्षक अनिल जोशी सहित कई अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# विकास योजनाओं के लिए 44.64 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जन सुविधाओं के विकास के लिए 44.64 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित नेशनल लैंडस्लाइड रिस्क मिटीगेशन प्रोग्राम के तहत संभावित जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों के सुधार के लिए प्रथम किश्त के रूप में 1.00 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन किया है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न जनपदों के राजकीय औद्योगिक आस्थानों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण के लिए एम एस एम ई अवस्थापना विकास मद के अंतर्गत कुल 1.99 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। ऊधम सिंह नगर जिले के राजकीय जनजाति छात्रावास खटीमा में मरम्मत एवं निर्माण कार्यों के लिए 46.14 लाख और राजकीय जनजाति छात्रावास काशीपुर में विभिन्न कार्यों के लिए 37.71 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। राजधानी देहरादून के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोर्खासंध धर्मशाला चंद्रबनी के जीर्णोद्धार एवं पार्किंग निर्माण हेतु 38.97 लाख रुपये और मसूरी विधानसभा क्षेत्र के गुनियाल गांव में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए 65.93 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सितारगंज जिला कारागार के विस्तारीकरण संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 38.15 करोड़ रुपये की धनराशि को मुख्यमंत्री ने मंजूरी दे दी है।




# प्रशासन ने किया गैस गोदामों का औचक निरीक्षण

## इंडेन गैस ने शुरू की ऑफलाइन बुकिंग की सुविधा

रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय और पुलिस अधीक्षक क्राइम जगदीश चौधरी ने गुरुवार को काशीपुर बायपास स्थित इंडेन गैस गोदाम, भुड़ारानी स्थित भारत गैस गोदाम और रामपुर रोड स्थित भारत गैस गोदाम का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि वर्तमान में बुकिंग संख्या और सिलेंडरों की आपूर्ति के बीच संतुलन बना हुआ है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुख्य समस्या उन लोगों के कारण आ रही है जिनकी ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पाई है और वे बिना बुकिंग के सीधे गोदामों पर पहुंच रहे हैं। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इंडेन गैस सर्विस ने अब ऑफलाइन गैस बुकिंग की सुविधा भी प्रारंभ कर दी है। वहीं भारत गैस में ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया जारी है और जिनकी बुकिंग किसी कारणवश नहीं हो पा रही है, उनकी बुकिंग एजेंसी कर्मचारी स्वयं मौके पर ऑनलाइन कर रहे हैं। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की घबराहट पैदा



न करें क्योंकि घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। **किच्छा** – जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी किच्छा गौरव पाण्डे के नेतृत्व में पुलिस, पूर्ति और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र की विभिन्न गैस एजेंसियों के स्टॉक और गोदामों का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने एजेंसी प्रबंधकों को सख्त हिदायत दी कि घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल उपयोग और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान घटतोली की जांच हेतु गैस सिलेंडरों का वजन भी किया गया जो मानक के अनुसार सही पाया गया। गौरव पाण्डे ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में गैस की कोई किल्लत नहीं है और जनसुविधा के लिए इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक गोदाम पर विभिन्न विभागों के कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। पूर्ति निरीक्षक को गैस स्टॉक और की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जल्द प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# उपभोक्ताओं को सामान्य रूप से मिले सिलेंडर : मीना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में घरेलू गैस की बढ़ती किल्लत और आपूर्ति में आ रही बाधाओं को देखते हुए नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरपर्सन मीना शर्मा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने इंडेन गैस सर्विस और भारत गैस सर्विस द्वारा गैस वितरण के लिए बनाए गए केंद्रों पर पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनीं। मीना शर्मा ने गैस सिलेंडरों के लिए लंबी लाइनों में खड़े लोगों से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर वे हर संभव प्रयास करेंगी ताकि किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े।निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर ने जनता को स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने मोदी मैदान ट्रांजिट कैंप सहित कई अन्य इलाकों में गैस के इंतजार में खड़ी महिलाओं और अन्य नागरिकों को पानी की बोतलें वितरित कीं ताकि गर्मी के बीच लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने गैस एजेंसियों के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी संवाद किया और उनसे निवेदन किया कि वे उपभोक्ताओं को सामान्य रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराने में सक्रियता दिखाएं। मीना शर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि अनावश्यक रूप से जनता को परेशान न किया जाये।



# ऑनलाइन बुकिंग सॉफ्टवेयर में आ रही दिक्कतों को दूर करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में गैस की कालाबाजारी रोकने और क्षेत्र में गैस की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए उपजिलाधिकारी कार्यालय हल्द्वानी में गैस एजेंसियों और पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में गैस वितरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों के समाधान पर चर्चा हुई। के एम वी एन के प्रबंधक ने बैठक में जानकारी दी कि उनके पास कुल 30578 उपभोक्ता हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में 19734 और जनवरी माह में 21000 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए गए हैं जबकि मार्च माह में 10 तारीख तक 5200 उपभोक्ताओं को गैस पहुंचाई जा चुकी है। बैठक के दौरान अन्य गैस एजेंसियों से भी वितरण का पूरा विवरण लिया गया। चर्चा में यह मुख्य तथ्य सामने आया कि एस डी एम एस सॉफ्टवेयर और आई वी आर एस ऐप के सही ढंग से काम न करने के कारण पिछले दो दिनों से ऑनलाइन बुकिंग में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। अधिकारियों ने कहा



कि घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने होंगे। विशेष रूप से ऐसे राशन कार्डों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं जो काफी समय से प्रयुक्त नहीं हो रहे थे। यदि ऐसे कार्डों से अचानक बुकिंग की जाती है तो उनसे कालाबाजारी की संभावना बढ़ जाती है जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए गए कि यदि गैस की सप्लाई में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना समय से प्रशासन को दी जाए ताकि व्यवस्था बनाई जा सके। बैठक में क्षितिज गैस एजेंसी, के एम वी एन, आशीर्वाद गैस एजेंसी, बिष्ट गैस एजेंसी, ज्वाला गैस एजेंसी और सरमज गैस एजेंसी आदि के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़, 12 सिलेंडर जब्त

गदरपुर। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को गदरपुर तहसील क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। गोपनीय सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी रिचा सिंह की अध्यक्षता में राजस्व एवं पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने पारस गैस सर्विस गदरपुर स्थित निवासी रामजीवनपुर की दुकान का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मौके पर टीम ने वहां से 9 घरेलू तथा 3 व्यावसायिक गैस सिलेंडर के साथ गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त गैस किट को जब्त कर लिया। दुकान में कार्यरत कार्मिक ने भी स्वीकार किया कि उसके द्वारा वहां अवैध रूप से गैस रिफिलिंग की जा रही थी।प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।उपजिलाधिकारी रिचा सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के लिए दूरभाष नंबर 05944-250250, 05944-250719



और 05944-250500 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति गैस की कालाबाजारी या अवैध रिफिलिंग करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में उपजिलाधिकारी ने आपूर्ति निरीक्षक के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट, पूर्ति निरीक्षक अल्पना बजाज, कानूनगो भगत सिंह, विनोद कुमार तथा राजस्व उप निरीक्षक इंदु भट सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# भाईचारा एकता मंच में शामिल हुई दर्जनों महिलाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की ऊधम सिंह नगर महिला जिलाध्यक्ष मीना गंगवार ने अपनी पूरी टीम के साथ संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दर्जनों महिलाओं ने मंच के उद्देश्यों के प्रति अपनी आस्था जताते हुए संगठन का दामन थामा। भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने सभी नवागत सदस्यों को सदस्यता दिलाई और उनका संगठन में स्वागत किया। केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने बताया कि भाईचारा एकता मंच लंबे समय से महिलाओं के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए



समर्पित होकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तर की मजबूत टीम के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। अब संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों की किसी भी समस्या के समाधान के लिए भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की टीम भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से मुन्नी गंगवार, सुरजावती, नन्ही गंगवार, राजवती, अनीता गंगवार, ममता शर्मा, पूनम गंगवार, मीनू गंगवार, सुमन गंगवार, सोमवती सहित दर्जनों महिलाएं शामिल रहीं। इस दौरान भाईचारा एकता मंच के फाउंडर सदस्य अवतार सिंह बिष्ट, रामपाल सिंह और रंजीत कुमार भी उपस्थित थे।

# ठुकराल ने लम्बाखेड़ा में किया सड़क का शुभारंभ

रूद्रपुर। ग्राम लम्बाखेड़ा में जिला पंचायत निधि से स्वीकृत इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। साढ़े तीन लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ग्रामीणों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर व फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवाजाही में काफी सुविधा होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हाल्दार, क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता चौधरी, ग्राम प्रधान दिलशाद हुसैन और पूर्व ग्राम प्रधान मुनव्वर हुसैन, रोहित घीक, सन्नी वासन, प्रकाश दास, ललित सिंह बिष्ट, जाविर हुसैन, आबिद हुसैन, जुबेर हुसैन, मोहम्मद याकूब, सुलेमान, अफसर अली, बिल्लू, मोहम्मद उमर, रिहान, इकबाल, बीडीसी सदस्य आरिफ गाजी, इरशाद, तस्लीम, जितेन्द्र कुमार, अहसान अली, दिलशेर अली, इकबाल हुसैन, इसरार अली, नाजिम गाजी, सुहैल गाजी, उमर अली, सद्दाम अली, साबिर अली, शौकीन अली, गुलाम नबी, गुलाब हुसैन, नाजिम अली, कौशर अली और मुराद अली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



# व्यसन मुक्त समाज के निर्माण के लिए महिलाओं ने लिया संकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में समिति की ओर से न्यू शक्ति विहार कॉलोनी में व्यसन मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना और लोगों को इसके घातक दुष्परिणामों के प्रति सचेत करना था।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए बताया कि नशा केवल व्यक्ति विशेष को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को गर्त में धकेल देता है। इस अवसर पर महिलाओं को विशेष रूप से जागरूक किया गया कि यदि परिवार का कोई सदस्य नशे की लत से ग्रसित है, तो उसे प्रेम और धैर्य के साथ समझाकर मुख्यधारा में वापस लाने का प्रयास करें। उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से व्यसन मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में समिति की उपाध्यक्ष राधा देवी सहित कविता रावत, लीलावती अधिकारी, ममता नेगी, दुर्गावती यादव, सीता देवी, रूपा, सुमन देवी, श्वेता ठाकुर, पुष्पा देवी, सुधा देवी, अनीता देवी, नीरमति देवी, सुनीता सैनी, कविता तिवारी, सरोज, पूनम सिंह, राजकुमार, रविंद्र राय, नरेंद्र सेठी जैन और पूरन सिंह उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को दी एसआईआर की विस्तृत जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कुमाऊँ संभाग कार्यालय में प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा इस समय चल रहे एसआईआर के संबंध में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक अभियानों को लेकर चर्चा की गई तथा आगामी 21 या 22 मार्च को हल्द्वानी में आयोजित होने वाली संभावित भव्य रैली की तैयारियों के संबंध में कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा बलबीर धुनियाल, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा महेंद्र सिंह नेगी, पिथौरागढ़ जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, विनीत अग्रवाल, सहित दर्जा राज्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




HAPPY BIRTHDAY
भाजपा
प्रदेश मंत्री
श्री गुंजन सुखीजा जी
को जन्म दिन की
हार्दिक
बधाई एवं
शुभकामनायें
कांवल सिंह
पूर्व अध्यक्ष
नगर पंचायत,दिनेशपुर
मंजीत कौर
अध्यक्ष
नगर पंचायत,दिनेशपुर


HAPPY BIRTHDAY
भाजपा
प्रदेश मंत्री
श्री गुंजन सुखीजा जी
को जन्म दिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
सतीश खुग्घर
समाजसेवी
मो0-9837071154
हरभजन सिंह
समाजसेवी
मो0-9837150154

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत में बढ़ता कैंसर

हाल के वर्षों में भारत में कैंसर का रोग जिस पैमाने पर बढ़ता देखा जा रहा है, उसने समूचे चिकित्सा जगत में चिंता पैदा कर दी है। विडंबना यह है कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तमाम प्रगति के बावजूद देश में कैंसर के मामलों में खासी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। आमतौर पर इसके उपचार पर तो ध्यान केंद्रित किया जाता है, लेकिन बचाव की दिशा में नहीं सोचा जा रहा है। नतीजतन, कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।पिछले दिनों राज्यसभा में केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के आंकड़ों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। इसके मुताबिक, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान कैंसर के मामलों और इससे होने वाली मौतों में निरंतर वृद्धि हुई है। इस अवधि में इन चारों क्षेत्रों में कुल चार लाख सत्रह हजार से अधिक मरीजों के आने का अनुमान है।आंकड़ों के हिसाब से चंडीगढ़ में ही प्रतिदिन दो लोगों की मौत हो रही है। बीते पांच वर्षों में करीब दो लाख पैंतीस हजार से अधिक लोगों की मौत से स्थिति की गंभीरता का पता चलता है। गौरतलब है कि हर साल कैंसर के करीब पंद्रह लाख नए मरीज सामने आते हैं। अगले बीस वर्षों में यह संख्या पच्चीस लाख पहुंचने का अंदेशा है। महज दवाओं को सस्ता करने और कैंसर अस्पताल खोल देने भर से यह समस्या दूर नहीं होगी। सच यह है कि मरीजों को इस समय सस्ता और सुलभ उपचार की जरूरत है।मगर समस्या को जड़ से मिटाने के लिए कैंसर की रोकथाम पर काम करने के साथ नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना होगा। फिलहाल लक्ष्य यह होना चाहिए कि पहले चरण में ही मर्ज की पहचान कर ली जाए और जिन कारणों से मामले बढ़ रहे हैं, उनको जड़ से खत्म किया जाए। पंजाब और हरियाणा सहित सभी राज्यों में कीटनाशकों के बेलगाम इस्तेमाल पर रोक लगाना होगा, क्योंकि कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे इसे भी एक बड़ी वजह माना गया है। औद्योगिक कचरों के सख्ती से निपटान के साथ वायु और भू-जल प्रदूषण पर भी अंकुश लगाने की तत्काल जरूरत है।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# किच्छा महाविद्यालय का नाम बाबा साहेब के नाम पर रखने की मांग

गैरसैंण/किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा में नियम 58 के अंतर्गत महत्वपूर्ण जनहित का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के नामकरण पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सदन में पुरजोर तरीके से कहा कि उत्तराखंड में वर्तमान में 118 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं जिनमें से लगभग 24 कॉलेजों के नाम समय समय पर विभिन्न महापुरुषों के नाम पर रखे गए हैं। विधायक बेहड़ ने इस बात पर गहरा दुख जताया कि प्रदेश में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग की एक बड़ी आबादी निवास करती है लेकिन संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर अब तक एक भी राजकीय महाविद्यालय नहीं है। विधायक बेहड़ ने मांग की कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित राजकीय महाविद्यालय का नाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा जाना चाहिए। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि इस संबंध में उन्होंने 09 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री को



पत्र लिखकर भी आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि निदेशालय से इस विषय पर प्रस्ताव मंगवाया गया है और जानकारी के अनुसार निदेशालय ने किच्छा महाविद्यालय का नाम बाबा साहेब के नाम पर रखने की संस्तुति भी कर दी है। उन्होंने कहा कि यह अति लोकमहत्व का विषय है और यदि बाबा साहेब के नाम पर महाविद्यालय का नाम रखा जाता है तो इससे प्रदेश की जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा। इस मांग का नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी पुरजोर समर्थन किया। जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि इस मामले में जिलाधिकारी और शिक्षा निदेशालय से आख्या मांगी गई है और रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार निर्णय लेगी। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने भी कहा कि सरकार इसके पक्ष में है और प्रक्रिया पूरी होने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। हालांकि विधायक बेहड़ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें पत्र लिखे तीन साल बीत चुके हैं लेकिन सरकार का रवैया अभी भी टालने जैसा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वे बड़ा दिल दिखाते हुए सदन में ही इसकी घोषणा करें। तीखी बहस के बीच उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने सदन को आश्वस्त किया कि प्रदेश में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर दो महाविद्यालय बनाए जाएंगे जिनका चयन सरकार जल्द करेगी। इसी दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ ने गैरसैंण में स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर किच्छा एवं शांतिपुरी के स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने मंत्री को बताया कि चिकित्सकों के पद रिक्त होने से क्षेत्रीय जनता और ग्रामीण आबादी को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्तियों की मांग की जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला कार्यालय रुद्रपुर में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के सम्मान में स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् गीत के साथ हुई जिसके बाद स्वागत भाषण के जरिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवनियुक्त युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर जोरदार अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि



संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सह कार्यालय मंत्री सुरेंद्र चौधरी, मीडिया संयोजक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गेहलोत, युवा मोर्चा जिला महामंत्री शशांक वर्मा एवं युवा मोर्चा जिला महामंत्री विशाल चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सांसारिक भोग नहीं, कृष्ण भक्ति ही मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य: नारायण चैतन्य

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नारायण वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस पर अमर कथा और शुकदेव जी के जन्म का वृतांत विस्तार से सुनाया गया। कथा व्यास नारायण चौतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण सौभाग्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि यदि आप भागवत कथा से कुछ सीखना या पाना चाहते हैं, तो कथा में श्प्यासेश बनकर आएं; तभी यह कथा आपको जीवन का वास्तविक ज्ञान और आध्यात्मिक शांति प्रदान करेगी। महाराज जी ने जोर देकर कहा कि मनुष्य जीवन सांसारिक विषयों को भोगने के लिए नहीं, बल्कि कृष्ण भक्ति के लिए मिला है। आज का मानव शाश्वत सत्य को भूलकर भौतिक सुख-सुविधाओं में उलझ गया है, जबकि जीवन का परम उद्देश्य भगवान को प्राप्त करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवता का धर्म सबसे ऊपर है और भागवत कथा जाति या मजहब की सीमाओं से परे सभी का कल्याण करती है। जो भक्त निस्वार्थ भाव से इस कथा का श्रवण करता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर महंत भजन प्रकाश अरोड़ा, श्याम खुराना, सतनाम सिंह, राजीव ग्रोवर, राजेश आनंद, नरेश घई, अरविंद मिश्रा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





# पेयजल संकट दूर करने और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में ग्रीष्म ऋतु एवं पूर्व मानसून तैयारियों के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला आपदा प्रबंधन सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है इसलिए पेयजल महकमा जनसामान्य को सुचारू पेयजल मुहैया कराने हेतु अभी से सक्रिय होकर कार्य करना सुनिश्चित करे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि अस्पतालों में दवाइयां, एंबुलेंस और मेडिकल टीमें पूरी तरह तैयार रखी जाएं। साथ ही गर्भवती महिलाओं का डाटा एकत्रित करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व जिला चिकित्सालयों में सर्पदंश के उपचार हेतु एंटी वेनम किट पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए गए।नगर निकायों को निर्देशित किया गया कि मानसून से पूर्व ही नालियों की सफाई का कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए और पूर्व की भांति जीएस मैपिंग सुनिश्चित की जाए। शिक्षा विभाग को ग्रीष्म ऋतु की स्थिति को देखते हुए पठन पाठन की समय अवधि में आवश्यक परिवर्तन करने और गर्मी से बचाव संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए। जल संस्थान और पेयजल विभाग को




पेयजल लाइनों की मरम्मत कर शुद्ध एवं सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब हैंडपंपों को तुरंत ठीक करने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने मानसून पूर्व जर्जर भवनों की सूची तैयार करने के साथ ही जिला पंचायतराज अधिकारी को ब्लॉक स्तर पर आपदा सुरक्षा टीमों का गठन करने और उनका व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आपदा प्रबंधन विभाग को जोड़ने के निर्देश दिए।कृषि विभाग को फसल क्षेत्रफल की सूचना उपलब्ध कराने और समस्त उप जिलाधिकारियों को खाड़ी देशों में फंसे उन लोगों की जानकारी देने को कहा गया जो भारत वापस आना चाहते हैं। सिंचाई और खनन विभाग को आपसी समन्वय बनाकर नदियों में रिवर ड्रेजिंग एवं चौनेलाइजेशन के कार्यों का चिन्हीकरण कर आपदा प्रबंधन को आगरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान आपूर्ति बाधित होने की सूचना तत्काल आपदा कंट्रोल रूम को दी जाए ताकि जन समस्याओं का समाधान हो सके। बैठक में ओसी उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई एएस नेगी, पेयजल निगम सुनील जोशी, जल संस्थान तरुण शर्मा उपस्थित थे जबकि अन्य उप जिलाधिकारी और नगर निकाय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

## उत्तराखण्ड पॉवर कारपारेशन लि.

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-263148

ई-मेल :- eddkichha@gmail.com

### विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33/11 के०वी० उपसंस्थान किच्छा में अनुबन्ध सं0 1351 एवं 1352/C (C&P-1)/41/2023-24/Package K-RDSS-EDC RDR/ Rajshayama/Supply And Erection Date 14-08-2024 के तहत के परियोजना के अन्तर्गत कार्य होना प्रस्तावित है। सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः / आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | प्रभावित क्षेत्र | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, किच्छा | 33 के0वी0 एस०आर० होण्डा | महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, महिन्द्रा सी०आई०ई०, साई बाबा उद्योग व स्वातिक आहार | 15.03.2026 | प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक |
| 2 | | 33 के0वी0 ओल्ड बी०बी०आई० | ओल्ड बी०बी०आई० से सम्बन्धित औद्योगिक पोषक | | |

Customer Care Toll Free No- 1912

"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"

( राष्ट्रहित में बिजली बचायें )

पत्रांक: 8043 /वि0वि0ख0-(कि0)दिनांक: 13.03.2026

अधिशासी अभियन्ता

# सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने को क्विक रिस्पांस टीम गठित

## जिले में गैस आपूर्ति और वितरण को लेकर डीएम ने बैठक ली

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिले में गैस आपूर्ति और वितरण को लेकर गुरुवार को डीएम अंशुल सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जनपद में घरेलू गैस की आपूर्ति को सुचारु एवं निर्बाध बनाए रखने, कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने गैस एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि घरेलू गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं और दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। कहा कि वर्तमान में जनपद में घरेलू गैस की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है, इसलिए जनपद वासियों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने गैस वितरकों को बिना बुकिंग के किसी भी व्यक्ति को गैस सिलेंडर की आपूर्ति न की जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गैस बुकिंग के लिए निर्धारित 25 दिन के अंतराल का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। जिससे



सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जा सके और अनावश्यक भीड़ अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।डीएम ने रसोई सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया है। इन टीमों में संबंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष और पूर्ति निरीक्षक शामिल रहेंगे, जो समय-समय पर गैस एजेंसियों का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाओं की निगरानी रखेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमितता का मामला सामने आता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**आपातकालीन कंट्रोल रूम स्थापित** : जिले में किसी भी संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक आपातकालीन कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। किसी भी प्रकार की गैस आपूर्ति संबंधी शिकायत दर्ज कराने, उक्त विषय से संबंधित किसी भी सूचना देने तथा स्थिति पर सतत निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05962-237875, 05962-237874 तथा मोबाइल नंबर +91 79004 33294 जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग ऑनलाइन और फोन के माध्यम से कराएं। गैस एजेंसियों पर अनावश्यक रूप से भीड़ न लगाएं। साथ ही घबराहट में आकर अनावश्यक गैस बुकिंग न करें। केवल आवश्यकता के अनुसार ही रिफिल बुक करें। जिले में घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

# रूद्रपुर में 15 मार्च को धूमधाम के साथ मनाई जाएगी माता कर्मा देवी जयंती

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सनातन धर्म के प्रमुख धामों में से एक जगन्नाथ पुरी (ओडिशा) में भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी का भोग लगाने की परंपरा शुरू करने वाली अनन्य भक्त शिरोमणि माता कर्मा देवी की जयंती इस वर्ष 15 मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी। आगामी रविवार को प्रात: 11बजे से नगर निगम रुद्रपुर के सभागार में साहू राठौर समाज द्वारा अपनी आराध्य देवी के जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक एवं भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ललित राठौर ने बताया कि इस पावन अवसर पर समाज की महिलाओं, विशिष्ट समाजसेवियों और मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि जयंती समारोह के दौरान समाज से नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने, व्यापक वृक्षारोपण करने, नारी शिक्षा को बढ़ावा देने और विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को त्यागने का संकल्प भी लिया जाएगा। श्री राठौर ने समस्त समाज के लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर आयोजन को सफल बनाएं।



# प्रशासन से सहयोग को आगे आयें गैस उपभोक्ता: बांगा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार होने के बावजूद तमाम उपभोक्ताओं द्वारा अफवाहों से गुमराह होकर गैस सिलेंडर के लिए अनावश्यक अफरातफरी मचाई जा रही है। जिससे गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है वहीं क्षेत्र की शांति व्यवस्था को भी नुक्सान पहुंच रहा है। इसलिए सभी गैस उपभोक्ताओं को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने में प्रशासन के साथ सहयोग करना चाहिए। ऑल इंडिया फेयरशॉप वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र बांगा काली ने सभी गैस उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि सिलेंडर वितरण व्यवस्था को पूर्व की भांति संचालित करने के लिए स्वयं जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द्र तिवारी लगातार जुटे हुए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी नितिन भदौरिया व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति अपनी पूरी टीम के साथ व्यवस्थाएं सुदृढ़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की अवैध कालाबाजारी, भंडारण व रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ प्रशासन तथा पूर्ति विभाग सख्त रुख अपनाए हुए है।

# पशुधन सहायक को हटाने पर जनता में रोष

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। भैंसियाछाना ब्लाक के धौलछीना में तैनात पशुधन सहायक को अल्मोड़ा अटैच करने से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश बना हुआ है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पशुधन सहायक की धौलछीना में तैनाती की मांग की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पशुधन अधिकारी का स्थानांतरण कर अल्मोड़ा अटैच कर दिया गया है। आरोप लगाया कि कर्मचारियों के आपसी विवाद के चलते शिकायत के बाद विभाग की ओर से यह कार्रवाई की गई है। कहा कि पशुधन अधिकारी क्षेत्र में पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे थे, जिससे पशुपालकों को काफी राहत मिल रही थी। लेकिन अचानक शिकायत के बाद उनका स्थानांतरण कर दिया गया है। इससे पशुपालकों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने जल्द पशुधन अधिकारी को वापस धौलछीना तैनाती की मांग की है। मामले को लेकर पशु चिकित्साधिकारी को पत्र भी भेजा गया। यहां हेमा आर्या, कविता, ललिता, सुनीता मेहरा, बबीता, कल्पना नेगी, नीरज कुमार, कविता आदि शामिल हैं।

# पूतना वध प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

गदरपुर। नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में परम पूजनीय संत त्याग पूरी जी महाराज, संत ध्यान पूरी जी महाराज एवं संत व्यास पूरी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए पूतना वध प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान संतों ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का वध करने के लिए कंस ने पूतना नाम की राक्षसी को नंद बाबा के घर भेजा था। पूतना ने श्रीकृष्ण को विष से भरे स्तन का दूध पिलाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन बालकृष्ण ने अपने दिव्य रूप में उसके स्तन को पकड़कर उसके प्राण हर लिए और उसका वध कर दिया।इसके बाद भगवान भोलेनाथ श्रीकृष्ण के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंचे, लेकिन





माता यशोदा ने पहले उन्हें दर्शन कराने से मना कर दिया। श्रीकृष्ण भी भोलेनाथ से मिलने के लिए व्याकुल हो उठे। कुछ समय बाद माता यशोदा ने भगवान शिव को श्रीकृष्ण के दर्शन कराए।कथा में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा भेष बदलकर चूड़ी बेचने वाले रसिया के रूप में गली-गली घूमने की झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया और श्रद्धालु भजनों पर झूम-झूमकर नाचते हुए भक्ति में लीन दिखाई दिए।संत ध्यान पूरी जी महाराज और संत व्यास पूरी जी महाराज ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।इस अवसर पर अशोक बजाज, वीर भान, सुरेंद्र मिंगलानी, अतुल मिंगलानी, सुदर्शन गुम्बर, बलदेव राज बाटला, अशोक मिंगलानी, वेद प्रकाश बाटला, विजय शर्मा, धर्मपाल ठुकराल, दर्पन, दर्शन ठुकराल, राजू मुंजाल, लाल चंद बत्रा, केवल कृष्णा, रामलाल गुम्बर, सीमा मिंगलानी, सुरभि मिंगलानी, ममता रानी, राखी बजाज, वीना अरोड़ा, मानी बजाज, गीता बहन जी, नेहा रानी, संतोष ग्रोवर, साक्षी कुमारी, गीता सुखीजा, कृष्ण रानी कम्बोज सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**एलपीजी किल्लत और कालाबाजारी...**जिले में अनियमितता पाए जाने पर तीन लोगों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज की गई है। सरकार का दावा है कि स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी, जबकि विपक्ष इसे जनविरोधी रवैया बताकर अपना आंदोलन जारी रखने की बात कह रहा है।

**अपनी विधानसभा..**की समस्याओं को सुनने के लिए तैनाती दी जाएगी । यहां बताते चलें कि वर्ष 2022 में खटीमा विधानसभा चुनाव में हर के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चंपावत विधानसभा से उपचुनाव लड़े और रिकार्ड मतों से विजई हुए चुनाव के दौरान व चुनाव जीतने के बाद सीएम धामी ने सार्वजनिक रूप से यह कहा था कि वह चंपावत को एक आदर्श और विकसित विधानसभा बनाएंगे। इसके बाद से ही चंपावत विधानसभा में आईएसबीटी के साथ साथ तमाम बड़े प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो गया देखते ही देखते चंपावत विधानसभा के हर शहर व गांव में करोड़ों के विकास कार्य शुरू हो गए ।अगर चंपावत विधानसभा में विकास कार्यों की बात की जाए तो सीएम धामी ने यहां इतना धन दे दिया की योजनाओं की कमी पड़ गई अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चंपावत विधानसभा की जनता से सीधे संवाद की कोशिश कर रहे हैं जिसको लेकर यहां के छोटे और बड़े जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम जनता में बेहद खुशी का माहौल देखा जा रहा है प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिले के तमाम छोटे बड़े अधिकारियों ने कैंप कार्यालय चंपावत व टनकपुर का रुख कर दिया है।

**एसटीएफ का हथियारों ...**थाना बिलासपुर में धारा 307 (हत्या का प्रयास) के मामले में काफी समय से वांछित चल रहा था। इन गिरफ्तारियों से कुमाऊं क्षेत्र में होने वाली संभावित गैंगवार और हत्या जैसी गंभीर वारदातों को समय रहते विफल कर दिया गया है। एसटीएफ की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले 24 घंटों में कुल 03 कुख्यात अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है। इनके कब्जे से अब तक कुल 6 अवैध तमंचे और 21 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों पर दोनों राज्यों में हत्या के प्रयास के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस सफल अभियान में एसटीएफ की ओर से निरीक्षक एमपी सिंह, उपनिरीक्षक बृजभूषण गुररानी, प्रकाश भगत, हे.का. गोविन्द बिष्ट, जगपाल सिंह, संजय कुमार, गुरवंत सिंह और मोहित वर्मा शामिल रहे। वहीं थाना रुद्रपुर पुलिस टीम से निरीक्षक मनोज रतूड़ी, उपनिरीक्षक मोहन जोशी, कानि. नवीन गिरि और चालक मोहन प्रकाश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसएसपी एसटीएफ ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राज्य में सक्रिय गैंगस्टरों और जेलों में निरुद्ध अपराधियों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

**वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद...**सूचना मिलते ही शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने के लिए उनके आवास पर शुभचिंतकों का तांता लग गया। दिवंगत इंद्रसेन धींगड़ा का अंतिम संस्कार आज शाम राजपुरा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। शव यात्रा उनके निवास स्थान से शाम 4 बजे मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। उनके निधन पर पत्रकारिता जगत के तमाम लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

# अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, कल से चलेगा पीला पंजा

## वेंडिंग जोन होंगे चिह्नित, नियम तोड़ने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

रामनगर (उद संवाददाता)। नगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था और मुख्य मार्गों पर बढ़ते अवैध अतिक्रमण से जनता को निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने अब पूरी तरह कमर कस ली है। शुक्रवार को एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने नगर पालिका सभागार में पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शनिवार से पूरे नगर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू किया जाएगा। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने कहा कि आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए रानीखेत रोड जैसे मुख्य मार्गों पर यातायात को पटरी पर लाना अनिवार्य है। अब ट्रक, बस, टैक्सी और जिप्सी वाहन केवल अपने निर्धारित स्थानों पर ही खड़े हो सकेंगे। इसके साथ ही ई-रिक्शा और टेंपो संचालन के लिए भी नए रूट तय किए जा रहे हैं। उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि मुख्य मार्ग और बाजारों में अवैध अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने इस बार सख्त त्रिस्तरीय रणनीति तैयार की है, जिसके तहत पहले चरण में नियमों का



उल्लंघन करने वालों का चालान कर जुर्माना वसूला जाएगा। यदि सुधार नहीं हुआ तो दूसरे चरण में भारी भरकम जुर्माने की कार्रवाई होगी और इसके बावजूद स्थिति जस की तस रहने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बैठक में फड़-ठेला कारोबारियों को भी सख्त निर्देश दिए गए कि वे केवल नगर पालिका द्वारा निर्धारित वेंडिंग जोन में ही अपना व्यापार करें। प्रशासन जल्द ही नगर के कुछ अन्य स्थानों को भी वेंडिंग जोन के रूप में चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। एसडीएम ने साफ तौर पर कहा कि शनिवार से शुरू होने वाले इस अभियान में टीम जेसीबी मशीन के साथ सड़कों पर उतरेगी, इसलिए अतिक्रमण कारी स्वयं ही अपना कब्जा हटा लें अन्यथा उन्हें कार्रवाई का सामना करना होगा। उन्होंने इस मुहिम में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से भी सहयोग की अपील की है। बैठक में विभिन्न वाहन यूनियनों के पदाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Mohammad Jeeshan Ulla (पुराना नाम) से बदलकर Mohammed Jeeshan ulla (नया नाम) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता-House No. 33 Ward No 09 Seergotiya Rudrapur, Udham Singh Nagar Uttrakhand-263153

# मेधावी छात्रों के लिए वरदान बनी छात्रवृत्ति योजनाएं

देहरादून । प्रदेश के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। राज्य के मेधावी बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से अब तक 21 हजार 743 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है। इन योजनाओं के अंतर्गत पात्र छात्रों के बीच कुल 17 करोड़ 67 लाख 77 हजार तीन सौ रुपये की धनराशि वितरित की गई है। मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना इस दिशा में सबसे प्रभावी सिद्ध हुई है जिसमें सर्वाधिक 17 हजार 852 मेधावी बच्चों को सहायता प्रदान की गई है।विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा छह से 12वीं तक के छात्रों को 600 रुपये से लेकर 1200 रुपये तक की मासिक छात्रवृत्ति दी जा रही है। प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने और प्रतिभावान छात्रों को आर्थिक संबल देने के लिए मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के साथ ही डॉ शिवानंद नौटियाल स्मृति छात्रवृत्ति योजना और श्रीदेव सुमन राज्य योग्यता छात्रवृत्ति योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कोर छात्रवृत्ति योजना और प्रदेश से बाहर के सैनिक स्कूलों में पढ़ रहे राज्य के मेधावी छात्रों को भी सरकार निरंतर लाभान्वित कर रही है। आंकड़ों के अनुसार श्रीदेव सुमन राज्य योग्यता छात्रवृत्ति योजना का लाभ अब तक 3289 मेधावी छात्रों को मिल चुका है। इसी प्रकार डॉ शिवानंद नौटियाल स्मृति छात्रवृत्ति योजना के तहत 527 बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधेन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


भाजपा प्रदेश मंत्री
श्री गुंजन सुखीजा जी
को जन्म दिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
HAPPY BIRTHDAY
अरविन्द गुम्बर
समाजसेवी
रूद्रपुर
उज्जवल गगनेजा
समाजसेवी
रूद्रपुर
कपिल गण्डा
समाजसेवी
गदरपुर
रोहित गुम्बर
समाजसेवी
रूद्रपुर